# LOK SABHA DEBATES



## LOK SABHA

*Tuesday, August 5, 1980/Sravana 14, 1902 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Criteria for setting up Television Centres

*837. SHRI SATYANARAYAN JATIYA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether any criteria has been laid down for setting up a Television Centre and if so, the details thereof;

(b) the capacity and the maximum range of a new Television Centre; and

(c) whether cities of cultural, historical and industrial importance are given preference in the matter of setting up of T. V. Centres?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI VASANT Sathe): (a) to (c). Selection of places for setting up TV Centres takes into account various factors such as extent of coverage to rural and urban population, service to border areas, remote and backward areas, coverage of large segments of working class/industrial population, availability of programme production and programme linking facilities and other infrastructure. The above criterial will take care of cities of cultural, historical and industrial importance. Attempts are made to include in a Plan a judicious mix of places on the above considerations.

A 10 KW transmitter with an antenna height of 150 metres has a range of 75 kms. A 1 KW transmitter with an antenna height of 100 metres will have a range of 40 kms. The above ranges are typical for a flat terrain.

**श्री सत्यनारायण जटिया** : माननीय अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी का जो वक्तव्य है उस को मैंने बड़े ध्यानपूर्वक सुना है, मैं आप के माध्यम से सूचना और प्रसारण मंत्री से जानना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल, औद्योगिक नगर इन्दौर तथा औद्योगिक सांस्कृतिक नगर उज्जैन के लिए टी वी की सुविधा कब तक उपलब्ध कराई जायेगी ?

[**श्री वसन्त साठे** : माननीय सदस्य को सुनकर सन्तोष होगा कि छठी पंचवर्षीय योजना 1980-85 के लिए जो बनने जा रही है उस में माइक्रोवेव सिस्टम पर इन्दौर और भोपाल-दोनों के लिए प्रावधान सुझाया गया है ।

**श्री सत्यनारायण जटिया** : अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि भोपाल और इन्दौर में टी वी सेन्टर्स की स्थापना कर के उस में इन्दौर का रेंज इतना बढ़ायें जिस से उज्जैन भी कवर हो जाए ।

इस के अतिरिक्त मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि रायपुर में प्रसारण के लिए कार्यक्रम तैयार कर के दिल्ली से भेजे जाते हैं तो वहां रायपुर की यूनिट में कार्यक्रम तैयार क्यों नहीं किये जाते है ?

**श्री वसन्त साठे** : रायपुर के लिए प्रोग्राम प्रोडयूसिंग सैन्टर बनेगा, इस का सुझाव 79-83 के प्लान मे आलरेडी मंजूर किया गया है ।

**श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर** : माननीय अध्यक्ष महोदय, जैसा कि मंत्री महोदय ने बताया कि छठी पंचवर्षीय योजना में इन्दौर और भोपाल को लेने जा रहे हैं, मैं आप के माध्यम से मंत्री महोदय से आग्रह करता हूं कि जिस प्रकार से दिल्ली, मद्रास, बम्बई के बीच में राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों का आदान-प्रदान होता है, जिस प्रकार से बम्बई के कार्यक्रम पूना में दिखाये जा

सकते हैं, क्या मंत्री महोदय ऐसा प्रबन्ध करेंगे कि जो वर्तमान माइक्रोवेव टावर इन्दौर में है उस में अतिरिक्त एन्टीना लगा कर इन्दौर एवं समीपवर्ती क्षेत्र के लोगों को उस की सुविधा प्रदान की जाए ? क्या मंत्री महोदय ऐसा प्रयास करेंगे ?

श्री वसन्त साठे : सुझाव पर विचार अवश्य किया जायेगा। माइक्रोवेव सिस्टम पर कितने ज्यादा से ज्यादा रिले सेन्टर्स आ सकते हैं, यह धनराशि के ऊपर निर्भर है, जो कुछ आप लोग देंगे उतनी ज्यादा शक्कर दूध में डाली जा सकती है।

SHRI JAGDISH TYTLER: Will the Minister be pleased to state when do we expect satellite relay of T. V. programme from our own satellite or from any other country's satellite;

(b) will this system be economical as compared to the present one of relaying the programme and that too in a limited range?

SHRI VASANT SATHE: Probably the hon. Member is referring to INSAT satellite possibilities. Our satellite which has been sent has not got either the facilities or potential inbuilt in it for TV transmissions. INSAT which is going to come up in 1982 beginning has two transbounders placed in it for TV transmission and it can cover eight regions spread over the entire country, the electrified villages of the country, if the software and hardware arrangements of the ground segment are prepared in time.

श्री रामावतार शास्त्री : अध्यक्ष जी, मंत्री महोदय ने दूरदर्शन केन्द्रों के बारे में मापदण्ड बतलाया। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि उस मापदण्ड के अन्तर्गत बिहार की राजधानी पटना और जमशेदपुर, जो कि एक लौह नगरी है, जहां हजारों मजदूर काम करते हैं तथा रांची जो कि आदिवासी इलाका है, एक महत्वपूर्ण स्थान है, इन के बारे में आप के जहन में कोई योजना है या नहीं है ?

श्री वसन्त साठे : अध्यक्ष महोदय, बिहार में जिन स्थानों पर विचार किया जा रहा है, उन में पटना शामिल है। बाकी के स्थानों पर विचार किया जाएगा।

नागपुर में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना करना

*838. श्री केशवराव पारधी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नागपुर में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना का कार्य कब तक आरम्भ किया जायेगा; और

(ख) यदि यह आरम्भ किए जाने की संभावना नहीं है तो उस के क्या कारण हैं ?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI VASANT SATHE): (a) and (b). Plans for expansion of TV through INSAT are under formulation. There is a proposal to set up a T. V. Centre at Nagpur under the scheme. The plan is yet to be finalised and its implementation will depend on the availability of resources and allocation of funds after the clearance of the VIth Five year Plan.

श्री केशवराव पारधी : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बताया कि "इनसेट" के माध्यम से दूरदर्शन केन्द्र नागपुर में भी स्थापित करने जा रहे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि यह योजना कब तक तैयार होगी और इसमें कितना खर्च होगा ?

श्री वसन्त साठे : अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने पहले कहा कि 1982 में जब "इनसेट" आएगा, तब उसी समय यह योजना आगेपीछे कार्यान्वित की जा सकती है। नागपुर के लिए मैं एक बात कह देना चाहता हूं कि कलकत्ता और बम्बई में जो माइक्रोवेव-सिस्टम है, वह पोस्ट एंड टेलीग्राफ डिपार्टमेंट के तहत दो-तीन साल में तैयार हो जाएगा, तब नागपुर रिले सिस्टम को भी कवर किया जा सकता है। जहां तक खर्चे का सवाल है, आज उसका सही आंकड़ा बताना मुश्किल है, लेकिन रिले सेन्टर के लिए करीबन सवा-डेढ़ करोड़ रु० खर्चा लगता है।

श्री केशवराव पारधी : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने संसाधनों की उपलब्धता के बारे मे बतलाया है। मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि महाराष्ट्र में चूंकि बम्बई एक बड़ा शहर है और रायपुर में टी० वी० होने के बाद तथा नागपुर एक औद्योगिक नगरी है, जहां हजारों मजदूर काम करते है और वह आदिवासी एरिया भी है, इस दृष्टिकोण से वहां पर जल्दी टी० वी० उपलब्ध हो, इस बारे में क्या विचार किया जाएगा ?